राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा योग्यता रूपरेखा

क्षेत्रः सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)/सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं (आईटीईएस)

एनवीईक्यूएफ स्तर 1 (कक्षा 9)

आईटी103–एनक्यू 2012–मास्टरिंग टाइपिंग

छात्र कार्यपुस्तिका

पं.सु.श. केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान

(एन.सी.ई.आर.टी की इकाई,मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार के अन्तर्गत)

श्यामला हिल्स, भोपाल

© प.सु.श.केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान श्यामला हिल्स, भोपाल, 2012

यह प्रकाशन कॉपीराइट द्वारा सुरक्षित है। कॉपीराइट अधिनियम द्वारा अनुमत प्रयोजनों के अलावा जनता द्वारा पूर्व लिखित अनुमति के बिना इसका पुनः उत्पादन, अंगीकार, इलेक्ट्रॉनिक भण्डार और सम्प्रेषण निषिद्ध है।

छात्र विवरण

छात्र का नाम : ------------------------------------

छात्र का रोल नंबर : --------------------------------

बैच शुरू होने की तिथि : ----------------------------

आभार

निम्नलिखित भागीदारों ने सामग्री उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। :

1. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पंडित सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवी) के साथ कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी की मूलभूत बातों पर पाठ्य सामग्री और अभ्यास प्रदान किए हैं। इस दल में डॉ. ओम विकास (समन्वयक) डॉ. विनय स्वरूप महरोत्रा (सह – समन्वयक), सुश्री गुरप्रीत कौर, श्री मुकेश कुमार, सुश्री नेन्सी सहगल और श्री योगेश कुमार तथा श्री ऋतुराज ताम्रकार शामिल हैं।

2. एक्सेंशर इंडिया कॉर्पोरेट सिटिजनशिप प्रोग्राम (कौशल 4 जीवन)। एक्सेंशर ने वह विषय सामग्री प्रदान की है, जिसका उन्होंने विकास किया और इस सामग्री के लिए अपने कार्यान्वयन भागीदारों (डॉ. रेड्डीज़ फाउंडेशन और क्वेस्ट एलाइंस) को अधिगम्यता प्रदान की है।

3. सीबीएसई / पीएसएससीआईवीई की सामग्री को पूरकता प्रदान करने के लिए माइक्रोसाफ्ट फ्री डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम ई–लर्निंग पैकेज का उपयोग किया गया है।

4. वाधवानी फाउंडेशन का दल इस पाठ्यचर्या की डिजाइनिंग और निर्मिति में शामिल रहा और विषय वस्तु पर सुश्री दर्शिका संघानी, सुश्री सोनिया कक्कड़, श्री टोरल वीकूमसी, सुश्री रेखा मेनन, श्री अजय गोयल और श्री ऑस्टिन थॉमस ने कार्य किया।

5. इसके अलावा सभी मॉड्यूलों की सामग्री का सृजन करने के लिए विभिन्न सार्वजनिक डोमेन स्रोतों का उपयोग किया गया है। इन सभी स्रोतों के योगदान को आभारपूर्वक स्वीकार किया गया और मान्यता दी गई है।

विषय वस्तु

	पृष्ठ संख्या
आभार	4
प्रस्तावना	6
आपकी कार्यपुस्तिका के बारे में	8
सत्र 1 : टच टाइपिंग के साथ शुरूआत करना	9
सत्र 2 : प्रयोक्ता अनुभव	13
सत्र 3 : पाठ शुरू करना	14
सत्र 4 : आंकड़े देखना	18
सत्र 5 : लैसन एडिटर के साथ काम करना	19

प्रस्तावना

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 में सिफारिश की गई है कि विद्यालयों में बच्चों के जीवन को विद्यालय के बाहरी जीवन के साथ जोड़ना अनिवार्य है। इस सिद्धांत के अनुसार किताबी अध्ययन की परंपरा छोड़ देनी चाहिए जो हमारे तंत्र को लगातार एक आकार देती आई है और विद्यालय, घर, समुदाय और कार्यस्थल के बीच अंतराल लाती है।

''मास्टरिंग टाइपिंग'' पर यह छात्र कार्य पुस्तिका मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी), भारत सरकार के एक प्रयास, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा योग्यता रूपरेखा (एनवीईक्यूएफ) के कार्यान्वयन हेतु विकसित अर्हता पैकेज का भाग है, जिसमें विद्यालयों, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अपनाई जाने वाली राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अर्हता प्रणाली के लिए सामान्य सिद्धांत और दिशा निर्देश तय किए जाते हैं। यह संकल्पना की गई है कि एनवीईक्यूएफ से अर्हताओं की पारदर्शिता, विषम क्षेत्रीय अधिगम, छात्र केंद्रित अधिगम और छात्र को विभिन्न अर्हताओं के बीच चलनशीलता की सुविधा को बढ़ावा मिलेगा और इस प्रकार जीवन भर अधिगम को प्रोत्साहन मिलता रहेगा।

यह छात्र कार्यपुस्तिका, जो कक्षा 8 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए व्यावसायिक अर्हकता पैकेज का एक भाग है, इसे विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा बनाया गया था। आईटी – आईटीईएस उद्योग के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा अनुमोदित आईटी – आईटीईएस कौशल विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) का विकास किया गया। राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक प्रतिस्पर्द्धा मानकों और दिशानिर्देशों का एक सेट है जिसे कार्य स्थल में प्रभावी निष्पादन के लिए आवश्यक कौशलों तथा ज्ञान के आकलन एवं मान्यता देने हेतु आईटी उद्योग के प्रतिनिधियों द्वारा पृष्ठांकित किया गया है।

पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने वाधवानी फाउंडेशन के साथ मिलकर एनवीईक्यू के लिए स्तर 1 से 4 तक आईटी – आईटीईएस क्षेत्र में व्यावसायिक अर्हकता पैकेज के लिए मॉड्यूलर पाठ्यचर्या और अधिगम सामग्रियों (इकाइयों) का विकास किया है, स्तर 1 कक्षा 9 के समकक्ष है। एनओएस के आधार पर मूल दक्षताओं (ज्ञान, कौशल और क्षमताएं) से संबंधित व्यावसाय को पाठ्यचर्या तथा अधिगम मॉड्यूल (इकाइयों) के विकास के लिए अभिज्ञात किया गया था।

इस छात्र कार्य पुस्तिका में प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की अनिवार्य नम्यता, विभिन्न विषय क्षेत्रों के बीच स्पष्ट सीमा रेखाओं को तोड़ने के लिए अनिवार्य माने गए अधिगम के रटने के पुराने तरीके को निरुत्साहित करने का प्रयास किया गया है। इस कार्य पुस्तिका में पूर्णता और आस पास नजर दौड़ाने के अवसरों, छोटे समूहों में चर्चा तथा स्वयं करने के अनुभव की आवश्यकता वाली गतिविधियों को स्थान तथा उच्च प्राथमिकता देकर इन प्रयासों को संवर्धित करने का प्रयास किया गया है। हमें आशा है कि इन साधनों से हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में बताई गई बाल केंद्रित शिक्षा प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकेंगे। इस प्रयास की सफलता उन कदमों पर निर्भर करती है जो विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अध्यापक अपने

अधिगम को दर्शाने तथा काल्पनिक और कार्य के दौरान की जाने वाली गतिविधियों तथा प्रश्नों को आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए उठाएंगे। कौशल विकास अभ्यासों और मान्यताओं एवं रचनात्मकता के पोषण में छात्रों की भागीदारी तभी संभव है यदि हम अधिगम में बच्चों को भागीदार के रूप में शामिल करें और वे मात्र सूचना के ग्राही नहीं बनें। ये लक्ष्य विद्यालय की दैनिक दिनचर्या तथा कार्यशैली में पर्याप्त बदलाव लाते हैं। प्रतिदिन की समय तालिका में नम्यता गतिविधियों के कार्यान्वयन में सक्रियता बनाए रखने के लिए अनिवार्य होगी और अध्यापन और प्रशिक्षण के लिए अध्ययन दिवसों की आवश्यक संख्या को बढ़ाया जाएगा।

आपकी कार्यपुस्तिका के बारे में

यह कार्य पुस्तिका आपको दक्षता इकाई आईटी 104 – एनक्यू 2012 : वर्ड प्रोसेसिंग (मूलभूत) पूरा करने में सहायता देने के लिए है। आपको कक्षा कक्ष में, कार्यस्थल पर या आपके अध्यापक या प्रशिक्षक के मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण में अपने समय के अनुसार इसे इस्तेमाल करना चाहिए।

इस कार्यपुस्तिका में दिए गए अनुभागों से दक्षता की इकाई के विभिन्न पक्षों पर संगत ज्ञान और कौशल (मृदु और कठोर) अर्जित करने में आपको सहायता मिलेगी। प्रत्येक सत्र इतना छोटा है कि इसे आसानी से अगले सत्र पर जाने से पहले समझा और अपनाया जा सकता है। दृश्य के माध्यम से जानकारी देने और पाठ को जीवंत तथा आपके लिए अंतः क्रियात्मक बनाने हेतु एनिमेटिड तस्वीरें और फोटो शामिल किए गए हैं। आपकी कल्पना का उपयोग करते हुए आप स्वयं अपने कुछ चित्र बनाने का प्रयास कर सकते हैं या अपने अध्यापक की सहायता ले सकते हैं। आइए अब देखें कि इन सत्रों के अनुभागों में आपके लिए क्या जानकारी है।

अनुभाग 1 : परिचय
इस अनुभाग में आपको इकाई के विषय का परिचय दिया गया है। इसमें आपको बताया गया है कि आप इकाई में शामिल विभिन्न सत्रों में क्या सीखेंगे।

अनुभाग 2 : संगत ज्ञान
इस अनुभाग में आपको सत्र में शामिल किए गए विषयों पर संगत जानकारी दी गई है। इस अनुभाग के माध्यम से विकसित ज्ञान से आप कुछ गतिविधियों के निष्पादन कर सकेंगे। आपको अभ्यास पूरा करने से पहले विषय के विभिन्न पक्षों पर एक समझ विकसित करने के लिए पर्याप्त सूचना पढ़नी चाहिए।

अनुभाग 3 : अभ्यास
प्रत्येक सत्र में अभ्यास होते हैं, जिन्हें आप समय पर पूरा करें। आप कक्षा कक्ष में, घर में या कार्य स्थल पर इन गतिविधियों का निष्पादन करेंगे। इस अनुभाग में शामिल की गई गतिविधियों से आपको अनिवार्य ज्ञान, कौशल और मनोवृत्ति के विकास में सहायता मिलेगी जिनकी आवश्यकता आपको कार्यस्थल पर कार्यों के निष्पादन में सक्षमता पाने के लिए है। गतिविधियां आपके अध्यापक या प्रशिक्षक के पर्यवेक्षण में की जानी चाहिए जो आपको कार्यों को पूरा करने का मार्गदर्शन तथा आपके निष्पादन में सुधार के लिए प्रतिक्रिया भी देंगे। इसे प्राप्त करने के लिए आपके अध्यापक या प्रशिक्षक के परामर्श से एक समय तालिका बनाएं और निर्दिष्ट स्तरों या मानकों का पालन कठोरता पूर्वक करें। यदि आपको समझाई गई कोई बात स्पष्ट रूप से समझ में नहीं आती है तो बेहिचक अपने अध्यापक या प्रशिक्षक से पूछें।

अनुभाग 4 : मूल्यांकन

इस अनुभाग में शामिल किए गए समीक्षा प्रश्नों से आपको अपनी प्रगति की जांच करने में सहायता मिलेगी। आपको अगले सत्र में जाने से पहले इन सभी प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना चाहिए।
इस इकाई के अंत में अधिगम संसाधनों की एक सूची है, जिसमें पुस्तकें, पत्रिकाएं, समाचार पत्रिकाएं, वेबसाइट आदि शामिल हैं जो आपको आगे सीखने में सहायक हैं।

सत्र 1 : टच टाइपिंग के साथ शुरूआत करना

संगत ज्ञान

टच टाइपिंग टाइपिंग करने की एक विधि है जिसमें बिना देखे हुए 'कीज़' दबाई जाती हैं। खास तौर एक टच टाइपिस्ट को मांसपेशियों की स्मृति के माध्यम से कीबोर्ड पर उनके स्थान का पता चल जाता है। प्रारूपिक तौर पर टच टाइपिंग में कीबोर्ड की मध्यम कतार (होम रो) पर आठ अंगुलियों को रखा जाता है और जरूरत होने पर अन्य 'कीज़' को उपयोग किया जाता है। टच टाइपिंग करने में दो हाथों या संभवतः केवल एक हाथ का उपयोग किया जा सकता है।

एक टच टाइपिस्ट मध्यम कतार में 'आरंभिक अवस्था'' पर अपने हाथों की अंगुलियां रखता / रखती है और उसे पता होता है कि किसी अन्य 'की' तक पहुंचने के लिए इन्हें किस प्रकार आगे या पीछे ले जाना है। इसे सीखने में पहले प्रिंटिंग अभ्यास है जिसमें केवल मानक अवस्था के पास वाले अक्षरों पर या मानक अवस्था के पास अभ्यास किया जाता है और इसके बाद धीरे धीरे अन्य कतारों का अभ्यास किया जाता है। अंगुलियों को बिना देखे मानक आरंभिक अवस्था में रखने का अभ्यास महत्वपूर्ण है, क्योंकि लाइन फीड लिवर (पिछले समय में) या कंप्यूटर माउस (हाल के समय में) पर कार्य करने के लिए बार बार हाथ कीबोर्ड से उठ जाता है। 'की' एफ और जे में कुछ सतही विशेषताएं होती हैं, जिनसे टाइपिस्ट उन्हें केवल छूकर पहचान लेता है इस प्रकार दोबारा 'कीज़' पर हाथ रखने के लिए और होम रो पर जाने के लिए नीचे देखने की जरूरत नहीं होती है।

टाइपिंग गति आम तौर पर अभ्यास से बेहतर होती जाती है। टाइपिंग गति को धीरे–धीरे बढ़ाया जा सकता है और 60 शब्द प्रति मिनट की गति या अधिक प्राप्त की जा सकती है। लोगों की गति बढ़ने की दर अलग अलग होती है। कई वेबसाइट और सॉफ्टवेयर उत्पाद (उदाहरण रैपिड टाइपिंग ट्यूटर) टच टाइपिंग सीखने के लिए उपलब्ध होते हैं और इनमें से कुछ मुफ्त होते हैं।

रैपिड टाइपिंग ट्यूटर – सॉफ्टवेयर का परिचय

रैपिड टाइपिंग ट्यूटर को वयस्कों और बच्चों को सबसे अधिक कुशलता से उनके कीबोर्ड का उपयोग करना सिखाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। खेल खेल में टाइप करना सीखना, रैपिड टाइपिंग ट्यूटर में शामिल किया गया है, जबकि इसके व्यापक प्रशिक्षण और आवश्यकतानुसार बनाए गए पाठों के आंकड़े देखते हुए शायद ही कभी इसे बहुत अधिक महंगे उत्पादों में देखा जा सकता है।

रैपिड टाइपिंग के साथ प्रारंभ करना

टाइपिंग ट्यूटर उपयोग करने में आसान कीबोर्ड प्रशिक्षक है, तो शायद ही आपको इसका उपयोग और कंफिगर करने में कोई परेशानी होगी। आरंभ करने के लिए नीचे दिए गए लिंकों का पालन करें :

1. पहला, टाइपिंग ट्यूटर के प्रयोक्ता के अनुभव से परिचित हों।
2. उसके बाद, अपना पाठ शुरू करें और अपने परिणामों और आंकड़ों की व्याख्या करना सीखें।

यदि आपको लगता है कि पहले से तय किए गए पाठ और पाठ्यक्रम पर्याप्त नहीं हैं, तो लैसन एडिटर के साथ आप अपने लिए स्वयं इस तैयार कर सकते हैं। यह आपके सीखने की प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने का तरीका है।

टच टाइपिंग तकनीक

टच टाइपिंग से टाइपिंग की गति और शुद्धता बेहतर बनती है। एक टच टाइपिस्ट कभी भी कीबोर्ड को नहीं देखता। उसकी अंगुलियां आदत के अनुसार सही 'कीज़' पर पड़ती हैं। टाइपिस्ट जिस पाठ को टाइप कर रहा है उस पर पूरा ध्यान केंद्रित करता है, शब्दों और वाक्यांशों को पढ़ता है और उसकी अंगुलियां पाठ को टाइप करती हैं। विशेष अभ्यास से टच टाइपिंग सीखी जा सकती है।

प्रथम चरण यह कीबोर्ड की होम रो सीखने के साथ शुरू होता है (कैप्स लॉक 'की' के साथ शुरू होने वाली कतार)। इसमें कीबोर्ड को देखना कठोरता पूर्वक प्रतिबंधित होता है। इसके बाद कीबोर्ड की ऊपरी और निचली कतारों, संख्याओं की कतारों, अपर–केस लैटर्स और विशेष सिम्बल को सीखा जाता है।

द्वितीय चरण इसमें बार बार इस्तेमाल होने वाले शब्दांशों को याद रखना और शब्दों को टाइप करना शामिल है।

तृतीय चरण अर्जित कौशल को त्रुटि रहित बनाने के लिए वास्तविक पाठ की टाइपिंग करना शामिल है।

टच टाइपिंग के नियम

- एफ, डी, एस, ए और जे, के, एल, ; 'कीज़' (एक क्यूवर्टी कीबोर्ड पर) आधारभूत अवस्था दर्शाते हैं। आमतौर पर कीबोर्ड में एफ और जे 'कीज़' पर छोटे से उभार होते हैं। ये कीबोर्ड पर देखे बिना आधारभूत अवस्था का पता लगाने में आपकी अंगुलियों को सहायता देते हैं। प्रत्येक की स्ट्रोक के बाद अपनी अंगुलियों को आधारभूत अवस्था तक वापस ले जाने का प्रयास करें।
- कोडिंग में दर्शाया जाता है कि किसी अंगुली से कौन सी 'कीज़' दबानी है (उपरोक्त तस्वीर देखें)। बाईं पहली अंगुली सभी लाल 'कीज़' के लिए तय होती है। दाईं पहली अंगुली हरी 'कीज़' के लिए तय होती है और इस प्रकार आगे। स्पेस 'की' दबाने के लिए दोनों हाथों में से किसी भी हाथ के अंगूठे का उपयोग करें।

- अंकों को पैड पर आधारभूत अवस्था मध्यम अंगुली के लिए 5, पहली अंगुली के लिए 4 और अनामिका के लिए 6 का अंक तय होता है। अंकों के पैड सरल होते हैं और अंकों का डेटा तेजी से भरने में आसानी होती है।
- अपर केस के अक्षर और संकेत अंकों की कतार में आते हैं तथा इन्हें एक हाथ की छोटी अंगुली से दूसरे हाथ से शिफ्ट 'की' दबाकर टाइप किया जाता है।
- कीबोर्ड को नहीं देखें अपने अंगुलियों से सही 'की' को ढूंढने की कोशिश करें।

हाथ और शरीर की सही दिशा

- कंप्यूटर पर बैठते समय, हमेशा सीधे रहें (उपरोक्त तस्वीर देखें) हमेशा याद रखें अपनी पीठ सीधी रखें।
- अपनी कोहनी को 90 डिग्री पर मोड़ें।
- स्क्रीन के सामने बैठकर अपने सिर को थोड़ा आगे झुकाएं।
- आपकी आंखों और स्क्रीन के बीच की दूरी कम से कम 50–80 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अन्य शब्दों में, आपकी खुली हुई भुजा स्क्रीन से दूर होनी चाहिए।
- टेबलटॉप की अनुकूलतम ऊंचाई या अंडर–डेस्क कीबोर्ड ड्रॉर फर्श से 68 से 73 सें. मी की ऊंचाई पर होना चाहिए।
- कुर्सी और मेज की ऊंचाई इस प्रकार चुनी जाए कि कंधे, हाथ और कलाई की मांसपेशियों में कम से कम तनाव हों। कलाइयां कीबोर्ड के सामने टेबल टॉप पर होनी चाहिए। अपने शरीर के किसी भी हिस्से का वज़न कलाई पर नहीं जाना चाहिए।

सफल टच टाइपिंग अभ्यास हेतु सलाह

- सीखने के प्रारंभिक चरण में जल्दीबाजी न करें। तेज गति का लाभ केवल तभी है जब आपकी अंगुलियां आदतन सही 'कीज़' पर जाती हैं। गलतियों को कम करने के लिए टाइपिंग का समय बढ़ाएं। जैसे जैसे आप उन्नति करेंगे आपकी गति बढ़ती जाएगी।
- आपको टाइपिंग करते समय एक लय तय करनी और बनाए रखनी चाहिए। इसका अर्थ है कि कीस्ट्रोक्स बराबर अंतराल पर आ जाने चाहिए।
- 'कीज़' को केवल उन्हें अंगुलियों से दबाएं जिसके लिए उन्हें तय किया गया है।
- अपने हाथों और अंगुलियों की गति को केवल तब तक सीमित रखें जब एक विशेष की को दबाना जरूरी हों। अपने हाथों और अंगुलियों को आधार स्थिति के करीब रखें। इससे टाइप करने की गति बढ़ती है और हाथों का तनाव कम होता है।

- जब आप टाइप करें 'कीज़' का ना देखें। केवल अपनी अंगुलियों को इधर उधर ले जाकर होम रो के स्थान पर रखें
- 'कीज़' को जोर से ना दबाएं। कम से कम संभव बल प्रयोग करने की कोशिश करें।
- अपर / लोवर केस के बीच बदलने के लिए हमेशा दूसरे हाथ का उपयोग करें।

धीरज रखें और जैसा संभव हो उतना अभ्यास करें। साधारण टच टाइपिंग नियमों के बावजूद, इसमें उच्च गति हासिल करने में कुछ समय लगता है। नियमों का पालन करके, आप अपनी गति और शुद्धता में समय के साथ सुधार देखेंगे।

अभ्यास

1. इस प्रकार पर्याप्त ऊंचाई पर बैठें कि आपकी कोहनी टाइप करते समय लगभग 90 डिग्री के कोण पर रहे।
2. 'कीज़' पर अंगुलियों को सही तरीके से रखें उदाहरण, आपकी अंगुलियां होम रो की 'कीज़' पर होनी चाहिए – ए, एस, डी और एफ के साथ बायां हाथ और जे, के और एल के साथ दायां हाथ।
3. टाइप करते समय की बोर्ड को देखने से बचें।
4. प्रत्येक पैटर्न / शब्द या वाक्य के बाद स्पेस बार को दबाने के लिए अपने अंगूठे का प्रयोग करें
5. लाइन दोहराने के लिए आप द्वारा टाइप की गई लाइन के अंत में पहुंचे और इसके बाद बैक स्पेस को दबाकर टाइप की गई लाइन को मिटा दें। अब लाइन को दोबारा टाइप करें।

निम्नलिखित का अभ्यास करें :

<table>
<tr><th>अभ्यास के मद</th></tr>
<tr><td>Fjdk sla ghty</td></tr>
<tr><td>Vmbn ruei woqp</td></tr>
<tr><td>C,x. z/\’ \ ‘-=[]</td></tr>
<tr><td>Shift Keys – FJDK SLA: GHTY</td></tr>
<tr><td>Shift Keys VMBN RUEI WOQP</td></tr>
<tr><td>Shift Keys – C<X> Z/|” | ~~+{}</td></tr>
<tr><td>Shift Keys – C<X> Z/|” | ~~+{}</td></tr>
<tr><td>Digits, Symbols – 56473 28190 %^$&# @*!()</td></tr>
</table>

सत्र 2 : प्रयोक्ता अनुभव

संगत ज्ञान

जब आप विजार्ड में सेटिंग कंफिगर कर लेते हैं, तो जैसा कि नीचे दिखाया गया है, रैपिड टाइपिंग की मुख्य विंडो दिखाई देगी।

विंडो निम्नलिखित कंट्रोल्स से मिलकर बनी है :

- टास्कबार से आप एक पाठ शुरू करने के लिए कुछ मूलभूत विकल्पों को तय कर सकते हैं या बदल सकते हैं (कीबोर्ड लेआउट, स्तर, पाठ, और पृष्ठभूमि)।
- तीन आड़े बटन ऊपरी–दाएं कॉर्नर में (ऑप्शन, एबाउट और हैल्प) इसे संगत डायलॉग में प्रदर्शित किया जा सकता है।
- तीन खड़े बटन ऊपरी–बाएं कॉर्नर में (लैसन, स्टेटिस्टक्स और लैसन एडिटर) का उपयोग करंट लैसन, यूजर स्टेटिस्टक्स और लैसन एडिटर के बीच बदलाव के लिए किया जा सकता है।
- टैक्स्ट पैनल वह स्थान हैं जहां पर डिस्प्ले होने वाला टैक्स्ट टाइप किया जाना है। आप लैसन एडिटर में आसानी से एडिट कर सकते हैं, यदि जरूरी हों।
- लैसन कंट्रोल पैनल इसमें करंट लैसन, साउंड को इनेबल/डिसेबल करने तथा साउंड के वॉल्यूम को कम या अधिक करने के लिए पौज़ / रेज्यूम के कई कंट्रोल होते हैं।
- और कीबोर्ड आभासी कीबोर्ड है जो कि आपको सभी दस अंगुलियों के साथ टच टाइपिंग सीखने में मदद करेगा। आप 'लैसन' अनुभाग में इसे अपनी जरूरत के अनुसार बदल सकते हैं।

जब आप टाइपिंग ट्यूटर इंटरफेस के साथ परिचित हों तो, अपना पहला पाठ शुरू करने से पहले इसे पढ़ें। हमारे शॉर्टकट को ; भी याद रखें। साथ ही ये आपको टाइपिंग ट्यूटर के साथ जल्दी परिचित बनाने में सहायता देंगे।

सत्र 3 : पाठ शुरू करना

संगत ज्ञान

टाइपिंग ट्यूटर में अपना पहला पाठ शुरू करने से पहले, आप टास्कबार पर कीबोर्ड लेआउट, लेवल और लैसन कैटिगरी का चयन करें।



स्क्रीन के ऊपरी बाएं कोने में चार ड्रॉप – डाउन सूचियां मौजूद हैं। इसलिए, बाएं से दाएं आगे बढ़ें, प्रक्रिया निम्नलिखित के रूप में होगी :

- लेआउट चुनें (उदाहरण आपके कीबोर्ड की भाषा); इसके उपरोक्त तस्वीर में 'ईएन'' है
- इसके बाद लेवल चुनें (इसमें तीन स्तर उपलब्ध हैं – बिगिनर, इंटरमीडिएट और एक्सपर्ट); उपरोक्त तस्वीर में 'बिगिनर' है।
- पाठ की श्रेणी बताएं (चुने गए स्तर पर निर्भर करते हुए, उपलब्ध श्रेणी बदल सकती है) यह उपरोक्त तस्वीर में 'बेसिक्स' है।
- और अंत में, आप अध्ययन के लिए पाठ का चयन करें।
- जब सब कुछ तैयार हो जाता है, किसी भी 'की' को दबाएं, फिर कीबोर्ड पर दिखाई गई प्रारंभिक स्थिति में अंगुलियां रखें और टेक्स्ट को टाइप करना शुरू करें।

की बोर्ड के ठीक ऊपर लैसन कंट्रोल पैनल है, जहां से आप जारी पाठ रोक / दोबारा शुरू कर सकते हैं या आवाज़ कम या अधिक कर सकते हैं :

- एक पाठ शुरू / फिर से शुरू करने के लिए, कीबोर्ड के ऊपरी बाएं कोने से थोड़ा ऊपर ▶बटन पर क्लिक करें।
- एक पाठ को रोकने के लिए, ⏸बटन के स्थान पर डिस्प्ले होने वाला ▶ बटन दबाएं।
- जारी पाठ पुनः आरंभ करने के लिए, बटन पर क्लिक करें, जो टास्कबार पर ऊपर दाईं ओर है।
- जारी पाठ में आवाज़ इनेबल/डिसेबल से करने के लिए, कीबोर्ड के ऊपरी दाएं कोने पर स्थित बटन क्लिक करें और वर्टिकल स्लाइडर का उपयोग करते हुए आवाज़ का वॉल्यूम सेट करें।

टिप्पणियां :

- आप टास्क बार पर विंडो के ऊपरी दाईं कोने में ड्रॉप डाउन सूची से विकल्प (एनिमेशन, वॉलपेपर या प्लेन) में से चुनकर टेक्स्ट पैनल के लिए बैक ग्राउंड इमेज भी सेट कर सकते हैं।
- जबकि पाठों को पढ़ते हुए आपकी प्रगति लैसन कंट्रोल पैनल पर संभवतः दो बारों (हरे में एक और पीले में अन्य) में होगी।

  हरा प्रोग्रेस बार (ऊपर) आपको जारी पाठ के पूरा होने का प्रतिशत दिखाता है, और पीला प्रोग्रेस बार (नीचे) एक सिंगल कैरेक्टर टाइपिंग के लिए स्वीकार्य समय अवधि को दर्शाता है।

  जब पीला प्रोग्रेस बार कम से कम एक बार समाप्त हो जाता है तो टाइपिंग ट्यूटर रिकॉर्ड करता है कि आपने इस कैरेक्टर पर ताल मेल तोड़ दिया है (विवरणों के लिए हाउ टू व्यू और एनालाइज़ योर स्टैस्टिक्स देखें)।

प्रत्येक पाठ के पूरे होने पर रिजल्ट विंडो आती है। अपनी टाइपिंग की प्रगति का अनुमान लगाना सीखें।

अपने परिणामों की व्याख्या कैसे करें

हर बार जब अपना एक पाठ पूरा करें, तो डायलॉग विंडो में इस पाठ में आपकी उपलब्धियों के परिणामों को प्रदर्शित किया जाता है।

रिजल्ट डायलॉग विंडो में रेटिंग और एरर्स के दो टैब होते हैं। पहला एक इस तरह दिखता है :

यहां, आप अपने मीट्रिक्स की समीक्षा कर सकते हैं : बिगिनर और चैम्पियन के बीच समग्र कौशल स्तर (ऊपरी स्लाइडर सूचक) और साथ ही प्रति मिनट शब्द, प्रति मिनट अक्षर और प्रतिशत में शुद्धता (नीचे तीन शेष स्लाइडर)।

इस टेक्स्ट वाले भाग में, आप इस पाठ के दौरान की गई अपनी गलतियों को जांच सकते हैं। रंग संकेत के रूप में इस प्रकार हैं :

- ग्रीन अक्षर से सही इनपुट का पता लगता है।
- पीले अक्षरों से सही इनपुट का पता लगता है जो स्वीकृत समय सीमा से अधिक है।
- लाल अक्षरों से स्वीकृत समय सीमा के अंदर गलत इनपुट का पता लगता है।
- नारंगी अक्षरों से गलत इनपुट का पता लगता है जो स्वीकृत समय सीमा से बाहर भी है (यह सबसे खराब परिणाम है)।

एरर विंडो

एरर टैब पर आप जारी पाठ हेतु अपने विस्तृत आंकड़े देख सकते हैं :



इस टैब पर ग्राफिकल और तालिका के रूप में आपकी गलतियां और देरी का प्रतिशत दर्शाया गया है। इससे आपको यह बेहतर रूप से समझने में सहायता मिलेगी कि कौन से अक्षर आपके लिए टाइप करना अब तक कठिन है। आप गलतियों के प्रतिशत चार्ट (टैब के ठीक नीचे बटन क्लिक करते हुए) और देरी के प्रतिशत चार्ट (बटन पर क्लिक करते हुए) के बीच बदल सकते हैं।

बार चार्ट पर एक्स–अक्ष पाठ में इस्तेमाल हुए अक्षरों के संगत है, जबकि वाय अक्ष पर आपको प्रत्येक अक्षर से संबंधित गलतियां / देरियां दिखाई गई है। यदि एक विशेष अक्षर के लिए कोई गलतियां और देरियां नहीं हैं तो इन्हें चार्ट में नहीं दर्शाया जाएगा। नीचे तालिका में उन्हीं संख्याओं के साथ समान डेटा दिया गया है।

टिप्पणी : जब आप एक तालिका में रो को चुनते हैं तो चार्ट पर संगत बार हाइलाइट होगा। जब आप तालिका में कॉलम चुनते हैं तो चार्ट में गलतियां या देरियां दर्शाई जाएंगी।

तब आप अगले पाठ पर जाने के लिए नीचे नेक्स्ट बटन पर क्लिक कर सकते हैं। इस पाठ को दोबारा करने के लिए या यह दर्ज करने के लिए कि क्या आपके परिणाम 'टाइपिंग ट्यूटर' के हॉल ऑफ फेम के लिए अच्छे हैं, इसे दोहराएं।

सत्र 4 : आंकड़े देखना

संगत ज्ञान

जो पाठ आप पूरे कर चुके हैं उनके सभी परिणाम देखने के लिए (केवल जारी पाठ नहीं) स्टेटिस्टिक्स सेक्शन में देखें।

अपने आंकड़ों को कैसे देखें और विश्लेषण करें

स्टेटिस्टिक्स सेक्शन खोलने के लिए आप मेन विंडो के ऊपरी बाएं कॉर्नर का बटन चुनें। स्टेटिस्टिक्स स्क्रीन इस प्रकार खुलेगा।



यहां आप अपने सभी स्टेटिस्टिक्स की समीक्षा कर सकते हैं और ग्राफिकल तथा तालिका के रूप में प्रगति देख सकते हैं। निम्नलिखित विकल्प उपलब्ध हैं :

- विंडो के ऊपरी बाएं कोने में बटन पर क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर कंट्रोल + 1 दबाएं) और अपनी सीपीएम स्पीड (अक्षर प्रति मिनट) की प्रगति देखें।
- बटन क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर कंट्रोल + 2 दबाएं) और अपनी डब्ल्यूपीएम स्पीड (शब्द प्रति मिनट) की प्रगति देखें।
- बटन पर क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर कंट्रोल + 3 दबाएं) और देखें कि अलग अलग पाठों में टाइपिंग की शुद्धता में कितना बदलाव है।

- अपने स्टेटिस्टिक्स से मेट्रिक्स हटाने के लिए दाईं तालिका में पाठ चुनें और बटन क्लिक करें (या आपके कीबोर्ड पर डिलीट दबाएं)।

विंडो के ऊपरी भाग में टास्कबार पर, आप की बोर्ड लेआउट लेवल और कोर्स चुन सकते हैं, जिसके लिए आप स्टेटिस्टिक्स देखना चाहते हैं।

आप टास्कबार के दाएं ड्रॉप डाउन में लैसन ग्रुप (अर्थात पाठ के अनुसार स्टेटिस्टिक्स) और डे ग्रुप (दिन के अनुसार स्टेटिस्टिक्स) के विकल्प के बीच भी चुन सकते हैं।

लैसन स्टेटिस्टिक्स का विस्तृत विवरण

एक विशेष पाठ हेतु आंकड़ों की समीक्षा करने के लिए, सही तालिका में से पाठ का चयन करें और टॉप–राइट कॉर्नर में लैसन टैब पर क्लिक करें। लैसन टैब में समान डेटा शामिल होता है जो कि हर पाठ के पूरे हो जाने पर प्रदर्शित होता है। विवरणों के लिए, हाउ टू इंटरप्रेट योर रिजल्ट सेक्शन देखें।



सत्र 5 : लैसन एडिटर के साथ काम करना

संगत ज्ञान

लैसन एडिटर खोलने के लिए रैपिड टाइपिंग विंडो के ऊपरी बाएं कॉर्नर का बटन क्लिक करें। नीचे दी गई तस्वीर के समान स्क्रीन दिखाई देगा

लैसन एडिटर विंडो निम्नलिखित कंट्रोलों से बनी होती है :

- टास्कबार से आप उस लैसन का कीबोर्ड लेआउट और लेवल चुन सकते हैं जिसे आप एडिट करना चाहते हैं।
- टूलबार में नया लैसन जोड़ने, फाइल से टेक्स्ट डालने और बदलाव सेव करने के बटन होते हैं।
- नेविगेशन ट्री में मौजूदा कोर्स और लैसन हायरार्की दर्शाए गए हैं।
- टेक्स्ट पेनल में वह एरिया है जहां आप नेविगेशन ट्री में चुने गए जारी लैसन के टेक्स्ट को एडिट कर सकते हैं।
- लैसन मेट्रिक्स में लैसन के शब्दों, अक्षरों, स्थानों और विशेष अक्षरों की संख्या और प्रतिशत दर्शाया जाता है।
- और कीबोर्ड एक वर्चुअल कीबोर्ड है जिसमें चुने गए जारी लैसन के अक्षर हाइलाइट होते हैं। आप 'लैसन' सेक्शन की दिखावट को भी बदल सकते हैं।

लैसन एडिटर से सभी लैसन पूरी तरह बदलने योग्य होते है। आप इसमें लैसन जोड़ सकते हैं, डाल सकते हैं, बदल सकते हैं और डिलिट कर सकते हैं, इन्हें कोर्स में मिला सकते हैं और संगत मेट्रिक्स की समीक्षा कर सकते हैं।

नया पाठ

एक नया पाठ जोड़ने के लिए, निम्नलिखित का प्रदर्शन करें :

- कीबोर्ड लेआउट और लेवल को टास्कबार की ड्रॉप डाउन सूची में से चुनें।
- नेविगेशन ट्री में उस कोर्स को चुनें, जहां आप लैसन जोड़ना चाहते हैं
- टूलबार पर बटन क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर कंट्रोल + एन दबाएं)। यह डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा :



- इस डायलॉग में फील्ड भरें : लैसन के टाइटल में लैसन का नाम लिखें, उस कोर्स का सत्यापन करें जहां यह लैस जोड़ा जाना है, ड्रॉप डाउन सूची में से लैसन चुनें और ओके पर क्लिक करें। एक नया लैसन जुड़ जाएगा और यह नेविगेशन ट्री में दिखाई देगा।

उसके बाद, आप लैसन का टेक्स्ट या तो टाइप करें या कॉपी या पेस्ट से डाल सकते हैं या इसे किसी बाहरी फाइल से भी डाल सकते हैं। यदि आप दूसरे तरीके को पसंद करते हैं, इसमें आपके लिए दो बटन उपलब्ध हैं :

- यदि आप एक लैसन की एक फाइल से टेक्स्ट डालना चाहते हैं तो बटन क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर कंट्रोल + आई दबाएं) और संगत टेक्स्ट फाइल चुनें (टेक्स्ट और आरटीएफ फाइल डाली जा सकती है)।
- यदि आप कई फाइलों से मल्टी सेक्शन लैसन में टेक्स्ट डालना चाहते हैं तो बटन क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर इंसर्ट दबाएं) और डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है जिसमें सेक्शन, प्रत्येक सब सेक्शन की लंबाई बताएं (अक्षरों में) और लैसन का प्रकार बताएं। लाया गया सभी टेक्स्ट समान लंबाई के कई हिस्सों में टूट जाएगा। यह फंक्शन आरटीएफ फाइलों को सपोर्ट नहीं करता।



टिप्पणियां : यदि लाये गये एक टेक्स्ट असमर्थित अक्षर शामिल हैं (जैसे विशेष शब्द चिन्ह् या विदेशी भाषा के प्रतीक), रैपिड टाइपिंग में आपको एक डायलॉग बॉक्स द्वारा इसे बंद करने का सुझाव दिया जाएगा। इसकी सिफारिश की जाती है कि आप हां पर क्लिक करें।



एक लैसन हटाने के लिए, नेविगेशन ट्री में इसका चयन करें और टूलबार के बटन पर क्लिक करें (या अपने कीबोर्ड पर केवल डिलीट बटन दबाएं)।

आप टास्कबार बटन पर क्लिक करके जारी लैसन के गुणों में परिवर्तन कर सकते हैं और/ या देख सकते हैं।

नया पाठ्यक्रम

एक नया पाठ जोड़ने के लिए, निम्नलिखित का निष्पादन करें :

- टास्कबार के बटन पर क्लिक करे। निम्नलिखित डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा :



- अपने कोर्स का नाम लिखें, उसके बाद ड्रॉप–डाउन सूची में लेवल का चयन करें और क्लिक ओके दबाएं। नया कोर्स खुल जाएगा, और आप इसे जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है आप लैसन में जोड़ने के लिए सक्षम होंगे।

नए बनाए गए कोर्स को डिलीट करने के लिए टास्क बार पर बटन क्लिक करें। आप टास्क बार के बटन को क्लिक करके जारी कोर्स को देख सकते हैं और /या इसके गुणों में बदलाव कर सकते हैं।

टिप्पणियां :

- जारी लैसन में इस्तेमाल होने वाले अक्षर वर्चुअल कीबोर्ड पर काले रंग में हाइलाइट किए गए हैं।
- आप वर्चुअल कीबोर्ड के नंबर पैड के ऊपर ड्रॉप डाउन सूची में स्केल का अंक चुनकर लैसन के टेक्स्ट को स्केल कर सकते हैं।
- नेविगेशन ट्री की बॉर्डर, टेक्स्ट एरिया और लैसन मेट्रिक्स हिलाए जा सकते हैं, इसलिए आप आवश्यकता होने पर इन सेक्शन की चौड़ाई बदल सकते हैं।

निम्नलिखित का अभ्यास करें :

अभ्यास के मद
Fjdk sla ghty
Vmbn ruei woqp
C,x. z/\’ \ ‘-=[]
Shift Keys - FJDK SLA: GHTY
Shift Keys VMBN RUEI WOQP
Shift Keys - C<X> Z/|” | ~~+{}
Numeric Pad - 4560 789 123 + - &* / .
Digits, Symbols - 56473 28190 %^$&# @*!()

मूलभूत ‘कीज़’ का उपयोग करते हुए निम्नलिखित विधि से टाइप करें :

शिफ्ट 'कीज़' का उपयोग करते हुए निम्नलिखित विधि से टाइप करें :

न्यूमेरिकल कीपैड और डिजिटल्स /सिम्बल्स का उपयोग करते हुए टाइप करें :

जैसा कि नीचे दिखाया गया है मूलभूत सिम्बलों को टाइप करें :

जैसा कि नीचे दिखाया गया है मूलभूत शब्दों को टाइप करें :

आप प्रति मिनट 60 शब्दों की गति से टाइपिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने का अभ्यास करें।

अभ्यास
अपने बाएं हाथ से टाइप करें

asdf asdf asdf asdf asdf asdf asdf asdf asdf asdf
fdsa fdsa fdsa fdsa fdsa fdsa fdsa fdsa fdsa fdsa

अपने दाएं हाथ से टाइप करें

jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl; jkl;

अपने दोनों हाथों से टाइप करें

fd fds fdsa jk jkl jkl; fd fds fdsa jk jkl jkl; fd fds fdsa jk jkl jkl;
gh gh gh gh gh gh gh gh gh gh gh gh gh

अपनी बांई पहली अंगुली को टी तक पहुंचाएं (कीबोर्ड पर देखें) और टाइप करें :
th th th th th th th th ght ght ght ght ght ght ght

अपने बाएं हाथ से टाइप करें

deed frrf deer reed red deed frrf deer reed red deed frrf deer reed red
free freed fred feed fed free freed fred feed fed free freed fred feed fed

अपने दाएं हाथ से टाइप करें

juuj kiik juj kik juuj kiik juj kik juuj kiik juj kik juuj kiik juj kik

अपने दोनों हाथों से टाइप करें

juut jut jute kiit kit kite juut jut jute kiit kit kite juut jut jute kiit kit kite
jud judder jug jugger judge judged juud judder jug jugger judge judged
igh high thigh ight fight right fright igh high thigh ight fright right fright